12 लेना और देना

0220CH12

किन्नारी बाज़ार में मोती बेचती है। वह दस मोतियों से बनी माला बेचती है साथ ही खुले मोती भी बेचती है।

रज़िया को 12 मोती चाहिए। इसलिए किन्नारी ने उसे एक माला और दो मोती दिए।

अब पता करो कि और बच्चों को कितनी माला और कितने मोती अलग से मिले।

	मोती	*10 मोतियों की माला*	*खुले मोती*
रज़िया	12	(1 माला)	(2 मोती)
रीमा	17		
आरिफ़	24		
सोनू	35		
सिमर	31		



बच्चों को प्रेरित करें कि वे मोती, माचिस की तीली, बटन आदि सामग्री का प्रयोग करते हुए दस-दस समूह बनाएँ। स्वयं करके देखने के ये अनुभव उनकी समझ विकसित करने में सहायक होंगे।

© NCERT not to be republished

रज़िया

रीमा



	1	2
+	1	7



	1	2
+	1	7
		9



	1	2
+	1	7
	2	9

अभ्यास का समय

❋ पता करने की कोशिश करो कि रज़िया और सोनू ने कितने मोती लिए।

रज़िया

सोनू

	1	2
+	3	5

रज़िया और सोनू ने ____________ मोती लिए।

© NCERT not to be republished

एक माला और

रीमा और आरिफ़ के मोती



	1	7
+	2	4





	1	7
+	2	4



	$\overset{1}{1}$	7
+	2	4

© NCERT not to be republished



	$\overset{1}{1}$	7
+	2	4
		1



	$\overset{1}{1}$	7
+	2	4
	4	1

मैं दूसरे तरीके से इसे
बहुत जल्दी कर सकती हूँ।
बहुत आसान है! अगर आरिफ़ रीमा
को 3 मोती देता है, तो
रीमा के पास 20 हो जाएँगे।
आरिफ़ के पास 21 रह जाएँगे।
और फिर 20 + 21 = 41 हुए।

आहे। पर मेरा
उत्तर तो अलग है

$$\begin{array}{r} 17 \\ +\ 35 \\ \hline 412 \\ \hline \end{array}$$

क्या तुम इसे और किसी तरीके से कर सकते हो?

लिखकर जोड़ो और बिना लिखे भी

पता करो, कुल मिलाकर यहाँ कितने मोती हैं?

(ख)

		हार	मोती
आरिफ़		2	4
रज़िया	+	1	2

यहाँ कुल ____________ मोती हैं।

(क)

		हार	मोती
रीमा		1	7
सोनू	+	3	5

यहाँ कुल ____________ मोती हैं।

'क' वाले सवाल को 'ख' के साथ स्थान आपस में बदलिए

कितने ज़्यादा मोती हैं?

(क)

		हार	मोती
सोनू		3	5
आरिफ़	–	2	4

सोनू के पास आरिफ़ से _______ मोती ज़्यादा हैं।

(ख)

		हार	मोती
आरिफ़		2	4
रज़िया	–	1	2

आरिफ़ के पास रज़िया से _______ मोती ज़्यादा हैं।

© NCERT not to be republished

(ग) सिमर के पास रीमा से कितने मोती ज़्यादा हैं?



	माला	मोती
	3	1
−	1	7



	माला	मोती
	2 ~~3~~	1 1
−	1	7



	$^{2}\not{3}$	$^{1}1$
–	1	7
		4



	$^{2}\not{3}$	$^{1}1$
–	1	7
	1	4

© NCERT not to be republished

अभ्यास का समय

❋ तनीशा के पास 17 पेंसिल हैं। सिया के पास 25 पेंसिल हैं। कुल मिलाकर कितनी पेंसिलें हैं?

तनीशा		1	7
सिया	+	2	5



❋ मुनीज़ा की कक्षा में अंग्रेज़ी कहानियों की 13 किताबें और हिंदी की 22 हैं। कुल मिलाकर कितनी कहानी की किताबें हैं?

	1	3
+	2	2

❋ साक्षी के पास 23 फल थे। उसने 15 फल खा लिए। उसके पास कितने फल बचे?

	2	3
–	1	5

❋ दलजीत के पास 35 कंचे हैं। अरविंद के पास 25 कंचे हैं। उनके पास कुल कितने कंचे हैं?

	3	5
+	2	5

❋ निशा के पास 32 चूड़ियाँ हैं। सुखी के पास 16 चूड़ियाँ हैं। निशा के पास सुखी से कितनी चूड़ियाँ ज़्यादा हैं?

	3	2
–	1	6

© NCERT not to be republished

वेंकटेश की कैंटीन

बिल बनाने में वेंकटेश की मदद करो –



	रुपये
डोसा	23
उत्तपम	28
कुल	

	रुपये
इडली	15
कॉफ़ी	8
कुल	

	रुपये
दही वड़ा	25
मिर्ची चावल	18
कुल	

	रुपये
सूप	27
नूडल्स	15
कुल	

इस अध्याय में कुछ उदाहरणों द्वारा जोड़ और घटा के तरीके (अल्गोरिद्म) समझाए गए हैं। पर यह ध्यान रहे कि केवल विधि सीखने से संक्रियाओं की अवधारणात्मक समझ विकसित नहीं होती है। इसके लिए ज़रूरी है कि हम उन्हें बहुत सारे इबारती सवाल दें और उन्हें वैकल्पिक तरीके ढूँढ़ने के लिए प्रेरित करें।

© NCERT not to be republished

चलो अब कुछ खरीदें

© NCERT not to be republished

© NCERT not to be republished

	4	0
−	3	1

बच्चे 'खेलने वाले नोट' स्वयं बनाएँ। उन्हें इनके प्रयोग से भिन्न प्रकार के अभ्यास तथा खेल दिए जा सकते हैं जिसमें आसान गणनाएँ होती हैं।

© NCERT not to be republished

अभ्यास का समय

* शेखर के पास 32 रुपये हैं। उसने 17 रुपये की गेंद खरीदी। उसके पास कितने रुपये बाकी बचे हैं?

	3	2
–	1	7



* सोनी ने 24 रुपये के बिस्किट तथा 16 रुपये का चिप्स का पैकेट खरीदा। उसे कितने रुपये देने होंगे?

	2	4
+	1	6

* फंटूश के पास 64 रुपये थे। मेले में उसने 39 रुपये खर्च कर दिए। उसके पास अब कितने रुपये बचे?

	6	4
–	3	9



© NCERT not to be republished